कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा चूरू संभाग, चूरू

क्रमांक–सनि / स्कूल शिक्षा / चूरू / संस्था–ब / डीपीसी 2020–21 / 2020 दिनांक– 11–5–2020

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय)
माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा
चूरू / झुंझुनूं / सीकर

विषय– वर्ष 2020–21 की तृतीय श्रेणी अध्यापक व शा.शि. से द्वितीय श्रेणी व.अ. व वशाशि के पदों पर नियमित डीपीसी हेतु विषयवार पात्रता सूची भिजवाने बाबत।

प्रसंग– निदेशालय का पत्र दिनांक 07.5.2020 के क्रम में ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि श्रीमान निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर के निर्देशानुसार प्रसारित कार्यक्रम के अनुसार वर्ष 2020–21 की तृतीय श्रेणी अध्यापक व शा.शि. से द्वितीय श्रेणी व.अ. व वशाशि के पदों पर नियमित डीपीसी हेतु विषयवार अस्थाई पात्रता सूची संलग्न कर आपको भिजवाई जा रही है जिसका अपने जिले में सीबीईओ कार्यालय एवं पीईईओ व संस्था प्रधानों को उचित प्रचार प्रसार कर उक्त पात्रता सूची पर दिनांक 15.5.2020 तक आपत्तियां आंमत्रित कर (कार्मिक का अंकित विवरण, स्नातक के विषय, जन्मतिथि व पदस्थापन स्थान व अन्य कोई अन्तर हो तो उससे संबंधित दस्तावेज सहित) जिले की समेकित प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण करके दिनांक 16.5.2020 तक अनवार्यतः इस कार्यालय को भिजवाई जाना सुनिश्चित करें । इसके पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं होगा एवं दिनांक 17.5.2020 को स्थायी पात्रता सूची जारी कर डीपीसी के प्रस्ताव राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर व निदेशालय – बीकानेर को भिजवा दिये जावेगे । इसमें किसी प्रकार की विपरीत परिस्थिति मे आपका व्यक्तिगत उत्तरदायित्व निर्धारित किया जावेगा ।

www.rajteachers.com

संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा चूरू संभाग
चूरू

प्रतिलिपि–

1. श्रीमान निदेशक माध्यमिक / प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर को सूचनार्थ सादर प्रेषित है।
2. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, चूरू / झुंझुनूं / सीकर को प्रेषित कर लेख है कि अपने अधीनस्थ जिशिअ –माशि / प्राशि को उक्त अस्थाई पात्रता सूची का उचित प्रचार प्रसार करने के आवश्यक निर्देश जारी करने का श्रम करें।
3. प्रभारी वरिष्ठता अनुभाग, कार्यालय हाजा को प्रेषित कर लेख है कि आपत्तियो का निस्तारण दिनांक 17–5–20 तक कर समस्त आदेश प्रभारी, संस्थापन अनुभाग–ब को भिजवाना सुनिश्चित करावें ।
4. कार्यालय प्रति

संयुक्त निदेशक
स्कूल शिक्षा चूरू संभाग
चूरू